# 13 स्मार्ट चार्ट!

0326CH13





## अलग-अलग रंग के फूल


क्या तुम कभी बगीचे में गए हो?

तुमने वहाँ किस-किस रंग के फूल देखे?

क्या ज़्यादातर फूल पीले रंग के थे?

चित्र में अलग-अलग फूलों को देखो। तालिका को पूरा करो।

| *फूलों का रंग* | *फूलों की संख्या* |
|---|---|
| नीला | |
| लाल | |
| नारंगी | |
| बैंगनी | |



© NCERT not to be republished

*तालिका देखो और फूल बनाओ*

क) ________ की संख्या सबसे ज़्यादा है। अब बताओ ये कितने हैं? ________

ख) ________ की संख्या सबसे कम है। अब बताओ ये कितने हैं? ________

ग) ________ ज़्यादा हैं ________ से।

घ) ________ ज़्यादा हैं ________ से।









**हम सड़क पर क्या-क्या देखते हैं?**

चित्र में ट्रैफ़िक का दृश्य देखो और आगे दी गई तालिका भरो।



© NCERT not to be republished

यह अध्याय आँकड़ों के साथ काम करने की आरंभिक भूमिका है। आँकड़ा गणित का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। छठी तक आते-आते बच्चों को आँकड़े इकट्ठा करने, उन्हें दर्ज करने, बार चार्ट और तालिका में प्रस्तुत करने, आँकड़ों के पैटर्न को समझने और निष्कर्ष निकाल सकने में सक्षम होना चाहिए। शिक्षक इसके लिए बच्चों के अनुभवों से कई रोचक और मज़ेदार उदाहरण चुन सकते हैं। यहाँ दिए गए चित्रों को भी कई तरह के वर्गीकरण के अभ्यास के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे कि फूलों में कितनी पंखुड़ियाँ हैं?




| *यात्रा का तरीका* | *कितने* |
|---|---|
| पैदल (लोग) | |
| साइकिल | |
| स्कूटर | |
| | |
| | |
| | |

*इन प्रश्नों के जवाब दो।*

क) इस चित्र में आने-जाने का कौन-सा तरीका सबसे ज़्यादा दिखाई दे रहा है? _________

ख) आने-जाने का कौन-सा तरीका (गाड़ी) सबसे कम दिखाई दे रहा है? _________

ग) पैदल चलने वाले लोगों की संख्या _________ की संख्या से ज़्यादा है।

घ) बसों की संख्या _________ की संख्या से कम है।

© NCERT not to be republished


**कितनी बार 6 आया?**

क्या तुमने पासे से कोई खेल खेला है?

पासे के अलग-अलग पहलुओं पर कितनी बिंदियाँ हैं?



* पासा फेंको।
* पासा फेंकने पर जो पहलू ऊपर आया उसमें देखो कितनी बिंदियाँ हैं।
* हर बार पासा फेंकने के बाद तालिका में ऊपर आई संख्या के सामने एक ऐसा / निशान लगाओ।
* पासा 30 बार फेंको और हर बार तालिका में एक निशान लगाओ।

उदाहरण के लिए राबिया ने अपना पासा 30 बार फेंका।  तीन वाला पहलू पाँच बार आया। उसने अपनी तालिका में ऐसा बनाया –  /////

*अब अपनी तालिका को भरो:*

| *पासे का पहलू* | *कितनी बार आया (हर बार फेंकने पर /)* |
|---|---|
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |
|  | |



© NCERT not to be republished

क) पासे का कौन सा पहलू सबसे ज़्यादा बार आया?

ख)  कितनी बार ऊपर आया? ________ बार

ग)  वाला पहलू ☐ वाले पहलू से ज़्यादा बार ऊपर आया।

घ) अपनी तालिका अपने साथ बैठे साथी से मिलाओ। दोनों तालिकाओं में कोई फ़र्क नज़र आया?

## आस-पास के लोगों से पता लगाओ

1. आस-पास के लोगों से उनकी मनपसंद मिठाई के बारे में बात करो और तालिका भरो।

| *मनपसंद मिठाई* | *लोगों की संख्या* |
|---|---|
| जलेबी | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |



ऊपर की तालिका को देखते हुए नीचे दिए गए प्रश्नों का जवाब दो:

क) सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली मिठाई ______________

ख) सबसे कम पसंद की जाने वाली मिठाई ______________

ग) ______________ को ______________ से ज़्यादा पसंद किया जाता है।
(मिठाई का नाम) (मिठाई का नाम)

घ) ______________ को ______________ से ज़्यादा पसंद किया जाता है।

ङ) ______________ को ______________ से ज़्यादा पसंद किया जाता है।

च) ______________ को ______________ से ज़्यादा पसंद किया जाता है।






© NCERT not to be republished

2. अपने दोस्तों से यह पता लगाओ कि उनके घरों में कितने लोग रहते हैं और इस तालिका को भरो।





| *साथ रहने वाले लोगों की संख्या* | *कितने परिवारों में* |
|---|---|
| 1 अकेला | |
| 2 लोग | |
| 3 लोग | |
| 4 लोग | |
| 5 लोग | |
| 6 लोग | |
| 7 लोग | |
| 8 लोग | |
| .................. | |

क) सबसे ज़्यादा घरों में ____________ लोग रहते हैं।

ख) एक घर में रहने वाले लोगों की सबसे कम संख्या __________ है।

ग ) 4 लोगों के परिवारों की संख्या ____________ है।





© NCERT not to be republished

3. तुम्हारी कक्षा के साथी आज दोपहर में खाने के लिए क्या लेकर आए हैं? पता लगाओ और नीचे लिखो।

| खाने का सामान | बच्चों की संख्या |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

क) दोपहर में खाने के लिए कौन-सी चीज़ सबसे ज़्यादा बच्चे लाए? __________

ख) कौन-सी चीज़ सबसे कम बच्चे लाए? __________



© NCERT not to be republished

## चार्ट बनाओ और सजाओ

| उपस्थिति बोर्ड | | | |
|---|---|---|---|
| तारीख – 8/02/2007 | | | |
| *कक्षा* | *बच्चों की संख्या* | *उपस्थित बच्चे* | *अनुपस्थित बच्चे* |
| कक्षा I | 27 | 25 | 2 |
| कक्षा II | 23 | 22 | 1 |
| कक्षा III | 24 | 21 | 3 |
| कक्षा IV | 22 | 18 | 4 |
| कक्षा V | 25 | 23 | 2 |
| कुल | | | |



यह बोर्ड हर कक्षा में बच्चों की संख्या को बताता है। यह उपस्थित और अनुपस्थित बच्चों की भी जानकारी देता है।

✱ इस स्कूल में कुल मिलाकर कितने बच्चे हैं? __________

✱ यह चार्ट जिस दिन का है उस दिन स्कूल में कुल कितने बच्चे अनुपस्थित थे?

__________




अनुपस्थित छात्रों की संख्या

| *कक्षा* | *अनुपस्थित बच्चे* |
|---|---|
| कक्षा I | ☺ ☺ |
| कक्षा II | ☺ |
| कक्षा III | ☺ ☺ ☺ |
| कक्षा IV | ☺ ☺ ☺ ☺ |
| कक्षा V | |

यह चार्ट अनुपस्थित बच्चों की संख्या को बताता है। हर अनुपस्थित बच्चों को ☺ से दिखाया गया है।

✱ इस चार्ट में कक्षा V के अनुपस्थित बच्चों को दिखाओ।

© NCERT not to be republished

*अब चार्ट को देखो और खाली जगह को भरो।*

क) किस कक्षा में अनुपस्थित बच्चों की संख्या सबसे ज़्यादा है? ________

ख) किस कक्षा में अनुपस्थित बच्चों की संख्या सबसे कम है? ________

ग) किस कक्षा में 3 बच्चे अनुपस्थित हैं? ________

घ) कक्षा IV में और कक्षा V में अनुपस्थित बच्चों की संख्या ________ और ________ है।

## तुम्हारा हाथ कितना लंबा?


* अपने 4 दोस्तों का एक समूह बनाओ।
* रद्दी कागज़ की पट्टियाँ काटो। इन पट्टियों की चौड़ाई बराबर होनी चाहिए।
* हर बच्चे के हाथ की लंबाई को कागज़ की पट्टी से नापो। हाथ की लंबाई के बराबर पट्टी को काटो और उस बच्चे का नाम लिखो।






2019-2020

रोहन, जेकब और गीता ने भी अपना हाथ नापा। उन्होंने अपनी पट्टियों को ऐसे चिपकाया जैसे दिखाया गया है।




*इस चित्र को देखो और खाली स्थान भरो:*

क) जेकब के हाथ की लंबाई गीता के हाथ की लंबाई से ________ (ज़्यादा/कम) है।

ख) गीता के हाथ की लंबाई रोहन के हाथ की लंबाई से ________ (ज़्यादा/कम) है।

ग) ________ का हाथ सबसे लंबा है।

घ) ________ का हाथ सबसे छोटा है।

नीचे दिए गए चार्ट में अपने समूह के सभी दोस्तों की पट्टियों को चिपकाओ। पट्टियों के बीच कुछ दूरी रखो।




© NCERT not to be republished


## स्कूल आने वाले बच्चे




*इस चित्र को देखो और तालिका को पूरा करो।*

| *आने का तरीका* | *ट्रैक्टर* | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| *छात्रों की संख्या* | 3 | | | | |

3 बच्चे ट्रैक्टर से आ रहे हैं। हम तालिका में 3 लिखते हैं। हम चार्ट में ट्रैक्टर के ऊपर तीन चेहरे भी बनाएँगे। चार्ट में चेहरे बनाकर दिखाओ कि कितने बच्चे बस, साइकिल आदि से आते हैं।







© NCERT not to be republished

*खाली जगहों को भरो।*

क) ज़्यादातर छात्र स्कूल ____________ से आते हैं।

ख) पैदल आने वाले छात्रों की संख्या साइकिल से आने वाले छात्रों की संख्या से ____________ (ज़्यादा/कम) है।

ग ) स्कूल में सबसे कम छात्र ____________ आते हैं।

अब समझे इसे स्मार्ट चार्ट क्यों कहते हैं! सिर्फ़ इसे देख कर हम बहुत कुछ जान सकते हैं। चलो कुछ और ऐसे चार्ट बनाएँ।



© NCERT not to be republished

**अभ्यास का समय**

*अपने आस-पास की चीज़ों को देखकर स्मार्ट चार्ट बनाओ।*

जैसे –

* किस चिड़िया में अलग-अलग तरह के रंग सबसे ज़्यादा होते हैं?






* किस जानवर को पालतू बनाने के लिए सबसे ज़्यादा पसंद किया जाता है?

### तुम्हारी नापसंद सब्ज़ी

कौन सी सब्ज़ी तुम्हें सबसे ज़्यादा नापसंद है? अपने दोस्तों से भी पूछो और तालिका में भरो।


| *नापसंद सब्ज़ी* | *बच्चों की संख्या* |
|---|---|
| ___________ | ___________ |
| ___________ | ___________ |
| ___________ | ___________ |
| ___________ | ___________ |
| ___________ | ___________ |
| ___________ | ___________ |



इस तालिका का इस्तेमाल करके नीचे दिए गए चार्ट में चेहरे बनाओ। हर बच्चे के लिए को उस सब्ज़ी के ऊपर बनाओ जिसे वह नापसंद करते हैं।

* सबसे ज़्यादा नापसंद की जाने वाली सब्ज़ी ___________

* कौन सी सब्ज़ी सबसे कम बच्चे नापसंद करते हैं? ___________




© NCERT
not to be republished